>

Title: Need to regularize the services of employees working on daily wages under Archaeological Survey of India, Goa.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (उत्तर गोवा): देशभर में स्थित पुरातत्व विभाग, सर्वे ऑफ इंडिया के कार्यालयों में विशेषकर गोवा स्थित पुरातत्व विभाग में बड़ी संख्या में लोग 15-15 , 20-20 वर्षों से दैनिक दिहाड़ी पर इस आशा के साथ् काम कर रहे हैं कि एक न एक दिन उनको स्थायी कर दिया जायेगा परंतु इन विभागों में बड़ी संख्या में पद रिक्त होने के बावजूद इन विभागों में दैनिक दिहाड़ी में कार्यरत लोगों को स्थायी नहीं किया जा रहा है। यह ऐसे लोगों के साथ भारी अन्याय है।

अतः मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि सरकार एक नीति बनाये और यह सुनिश्चित करें कि इन रिक्त पड़े पदों से वर्षों दैनिक दिहाड़ी पर कार्य कर रहे इन लोगों को वरिष्ठता क्रम के अनुसार नियमित किया जाये जिससे कि ये अपने तथा अपने परिवार का जीवनयापन ठीक प्रकार से कर सके।